www.samagya.in
समाज्ञा
हिन्दी दैनिक
27th November, 2016

अंगदान के लिए जागरूकता को आगे आया बेंगाल चेंबर

कोलकाता, समाज्ञा रिपोर्टर

बेंगाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से डिसीस्ट डॉनर प्रोग्राम - कैडावर दान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंगदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। चेंबर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम को डॉ अमित घोष, डॉ सुनील श्राफ, डॉ. अरिंदम चंदा, डॉ वीवी लक्ष्मीनारायण, डॉ अदिति किशोर सरकार ने संबोधित किया। इससे पहले चेंबर के अध्यक्ष सुतानु घोष ने स्वागत भाषण दिया।

वक्ताओं ने कहा कि देश में अंग काम करना बंद होने के कई मामले सामने आ रहे हैं। इसमें पीड़ित व्यक्ति मानसिक, शारीरिक व आर्थिक परेशान से जूझना पड़ता है। इसके प्रभावी उपायों में से एक है किडनी प्रतिस्थापन, हालांकि स्वस्थ किडनी देने वाले लोगों की भारी कमी है। ऐसे में स्वैच्छिक रूप से अंगदान करने वाले लोगों की बहुत जरूरत है। ऐसे में कैडेवेरिक ट्रांसप्लांटेशन एक महत्वपूर्ण समाधान है। बताते चलें के कैडेवेरिक ट्रांसप्लांटेशन में रोगी को मरे हुए या अन रिलेटेड डॉनर से अंग या उत्तक की जरूरत होती है।

भारत में जहां कैडेवेरिक ऑर्गन डो-नेशन की संभावना बढ़ रही है राज्य सरकार भी इस दिशा में सकारात्मक कदम उठा रही है। शनिवार के इस कार्यक्रम में आएन लाहिड़ी, राधाकृष्णन, दीपक दत्ता, अरुण मुखर्जी, शुभोदीप घोष, डॉ. अमित घोष ने अपने अंग दान करने की इच्छा जतायी।